**न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना**

पीठासीन अधिकारीः– श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 209/2022 दायर दिनाँक 09.06.2022

**वादीया**

1. रेखाराम पुत्र स्व0 गोमाराम जाति मेघवाल निवासी खाखोली, तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0।

**बनाम्**

**प्रतिवादीगण**

1. रामेश्वरलाल पुत्र स्व0 गोमाराम
2. श्रवणराम पुत्र स्व0 गोमाराम
3. नेमाराम पुत्र स्व0 गोमाराम समस्त जाति मेघवाल निवासीगण खाखोली तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0
4. तहसीलदार डीडवाना ।

**दावा बाबत्**
**घोषणा खातेदारी, बंटवारा, व स्थाई निषेधाज्ञा**
**अन्तर्गत धारा–53, 88, 188 R.T.Act.**

**उपस्थितः–**

1. श्री सुरेन्द्र पुरी वकील वादी।
2. श्री महेन्द्र खिलेरी वकील प्रतिवादी।

**–:: निर्णय ::–**

दिनाँक 15.06.2022

वाद के तथ्य संक्षेप्त में इस प्रकार है कि वादी व प्रतिवादी सं0 01 ता 03 की पैत्रिक खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 बारानी 2 वाकै सरहद खाखोली, पटवार हल्का खाखोली, भू0अभि0 नि0 क्षैत्र, नूंवा तहसील डीडवाना में अवस्थित है।

यह है कि स्व0 गोमाराम की खातेदारी के खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 बारानी 2 में स्व0 गोमाराम की फौतगी के पश्चात् उनके समस्त वारिसान चारो पुत्रों का नाम खातेदारी में दर्ज हुआ। परन्तु चारो पुत्रों ने संयुक्त रूप से जमीन बेची लेकिन अन्य तीन पुत्र बाहर गये हुये होने से सम्पूर्ण रजिस्टरी रेखाराम से करवाई, जिससे खातेदारी से रेखाराम का नाम हट गया।

यह है कि खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 बारानी–2 वाकै सरहद खाखोली की पैत्रिक खातेदारी में वादी का नाम राजस्व रेकर्ड केवल मात्र अनपढ़ व अज्ञानता से अकेले द्वारा रजिस्टी करवाने से नाम खाते में शेष नही रहा।

यह है कि वादी ने जब खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 बारानी 2 वाकै सरहद खाखोली के राजस्व रेकर्ड में अपना नाम राजस्व रेकर्ड में दर्ज नही होने की बात प्रतिवादी सं0 01 ता 03 को बताई तो प्रतिवादी सं0 01 ता 03 ने खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 बारानी 2 में से उनके हिस्से में आई 1/3–1/3 अर्थात 0.8200 हैक्टे0 – 0.8200 हैक्टे0 भूमि अपने अपने हिस्से में से सवा–सवा बीघा अर्थात 0.2023 हैक्टे0 प्रत्येक प्रतिवादी द्वारा वादी को आपसी सहमति से वादी के बंट में कुल 0.6177 हैक्टे0 अर्थात 03 बीघा 15 बिस्वा भूमि देना तय हुआ है, इसी अनुरूप वादी खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 बारानी 2 में अपने हिस्से व बंट के अनुसार नजरी नक्शा में दर्शाये अनुसार 0.6070 हैक्टे0 भूमि राजस्व रेकर्ड में दर्ज करवाना चाहता हूं, इसलिए वादी को यह घोषणा खातेदारी, रेकर्ड दुरूस्ती का वाद पेश करना लाजमी आया है।

यह है कि उपरोक्त वर्णित खसरा नम्बर की भूमि में बंटवारा मौखिक रूप से हो रखा है तथा उसी अनुसार मौके पर कब्जा काश्त है जिनका बंटवारा निम्न प्रकार से है :–

1. वादी रेखाराम के बंट में आई भूमि – खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से प्रतिवादी सं0 01 ता 03 द्वारा अपने–अपने हिस्से में प्रत्येक द्वारा 0.2023 हैक्टे0 भूमि कुल 0.6177 हैक्टे0 अर्थात 03 बीघा 15 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट में आई है।
2. प्रतिवादी सं0 02 श्रवणराम के बंट में आई भूमि – खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से 0.6177 हैक्टे0 भूमि कुल 0.6177 हैक्टे0 अर्थात 03 बीघा 15 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट रखी गई है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.14 13:33:29 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner

3. प्रतिवादी सं0 3 नेमाराम के बंट में आई भूमि :– खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से 1.2354 हैक्टे0 अर्थात कुल भूमि 07 बीघा 10 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट रखी गई है।

यह है कि प्रतिवादी सं0 01 रामेश्वरलाल के हिस्से की भूमि का पूर्व में बैचाण किया जा चूका है, इसलिए अब उक्त खसरा नम्बर की भूमि में प्रतिवादी सं0 01 रामेश्वरलाल का कोई हक अधिकार शेष नही रहा है, इसलिए प्रतिवादी सं0 01 रामेश्वरलाल का नाम राजस्व रेकर्ड से हटाया जावें इसलिए दावा बाबत रेकर्ड दुरूस्ती का पेश किया जा रहा है।

प्रार्थना वादी इस प्रकार है :– उपरोक्त वर्णित अनुसार वादी व प्रतिवादीगण के मध्य बंटवारा बाई मिट्स एण्ड बाउण्डस किया जावे तथा उसी अनुरूप राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादी सं0 01 ता 03 का राजीनामा पेश हुआ जिसे बाद तस्दीक शामिल मिसल किया गया। प्रतिवादी सं0 04 को जरिये समन तलब किया। बावजुद तामिल के अनुपस्थित। अतः इनके खिलाफ एक पक्षिय कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। तत्सम्बन्धी विधि का अध्ययन् किया। अतः, बाद विवेचन, वाद वादीया डिक्री सादिर किया जाता है।

## –:आदेश :–

अतः हस्व दावा डिक्री सादिर कर, वाके सरहद खाखोली पटवार हल्का खाखोली, भू.अभि0 निरिक्षक क्षैत्र नूंवा, तहसील डीडवाना जिला नागौर में स्थित खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में निम्न प्रकार वादी व प्रतिवादी सं0 2 ता 3 को स्वतन्त्र खातेदार घोषित किया जाता है व प्रतिवादी सं0 01 रामेश्वरलाल का नाम उक्त खसरा भूमि से हटाया जाता है।

1. वादी रेखाराम के बंट में आई भूमि – खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से प्रतिवादी सं0 01 ता 03 द्वारा अपने–अपने हिस्से में प्रत्येक द्वारा 0.2023 हैक्टे0 भूमि कुल 0.6177 हैक्टे0 अर्थात 03 बीघा 15 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट में आई है।
2. प्रतिवादी सं0 02 श्रवणराम के बंट में आई भूमि :– खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से 0.6177 हैक्टे0 भूमि में से 0.6177 हैक्टे0 अर्थात 03 बीघा 15 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट रखी गई है।
3. प्रतिवादी सं0 3 नेमाराम के बंट में आई भूमि :– खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से 1.2354 हैक्टे0 अर्थात कुल भूमि 07 बीघा 10 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट रखी गई है।

तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो। राजीनामा व नजरी नक्शा निर्णय व डिक्री का अभिन्न अंग रहेगा।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Signature Not Verified

निर्णय आज दिनाँक 15.06.2022 को सरे ... 

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.14 13:33:29 IST
Reason: SelfAttested

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned with OKEN Scanner

डिक्री बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः— सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : **श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्याः **209/2022** दायर दिनाँक **09.06.2022**

| वादीया | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. रेखाराम पुत्र स्व0 गोमाराम जाति मेघवाल निवासी खाखोली, तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0। | **बनाम्** | 1. रामेश्वरलाल पुत्र स्व0 गोमाराम<br>2. श्रवणराम पुत्र स्व0 गोमाराम<br>3. नेमाराम पुत्र स्व0 गोमाराम समस्त जाति मेघवाल निवासीगण खाखोली तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0<br>4. तहसीलदार डीडवाना । |

**दावा बाबत्**
**घोषणा खातेदारी, बंटवारा एवं स्थाई निषेधाज्ञा**
**अन्तर्गत धारा 53, 88, 188 R.T. Act.**

दिनाँक **15.06.2022**

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री सुरेन्द्र पुरी वकील वादी व श्री महेन्द्र खिलेरी वकील प्रतिवादी की और से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि, हस्व दावा डिक्री सादिर कर, वाके सरहद खाखोली पटवार हल्का खाखोली, भू.अभि0 निरिक्षक क्षेत्र नूंवा, तहसील डीडवाना जिला नागौर में स्थित खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में निम्न प्रकार वादी व प्रतिवादी सं0 2 ता 3 को स्वतन्त्र खातेदार घोषित किया जाता है व प्रतिवादी सं0 01 रामेश्वरलाल का नाम उक्त खसरा भूमि से हटाया जाता है।

1. वादी रेखाराम के बंट में आई भूमि — खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से प्रतिवादी सं0 01 ता 03 द्वारा अपने—अपने हिस्से में प्रत्येक द्वारा 0.2023 हैक्टे0 भूमि कुल 0.6177 हैक्टे0 अर्थात 03 बीघा 15 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट में आई है।
2. प्रतिवादी सं0 02 श्रवणराम के बंट में आई भूमि :— खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से 0.6177 हैक्टे0 भूमि में से 0.6177 हैक्टे0 अर्थात 03 बीघा 15 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट रखी गई है।
3. प्रतिवादी सं0 3 नेमाराम के बंट में आई भूमि :— खेत खसरा सं0 313 रकबा 2.4600 हैक्टे0 भूमि में से 1.2354 हैक्टे0 अर्थात कुल भूमि 07 बीघा 10 बिस्वा भूमि नजरी नक्शा अनुसार बंट रखी गई है।

तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो। राजीनामा व नजरी नक्शा निर्णय व डिक्री का अभिन्न अंग रहेगा।

नीज..........—.......... मुबलिंग............—............... बाबत.....................—............ ........खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह.........—......... आज की तारीख को अदा करें। बसब्त मेरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज की तारीख **15.06.2022** को सरे इजलास में जारी की गयी।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

| मुद्दई | रूपया | पैसे | मुदायलह | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महनताना वकील | | |
| महनताना वकील | — | | खर्चा गवाहान | | |
| खर्चा गवाहान | — | | फिस कमिश्नर | | |
| फिस कमिश्नर | | | बाबत इजराय | | |
| बाबत इजराय | | | हुक्मनामा | | |
| हुक्मनामा | | | मुतफर्रिक | | |
| मुतफर्रिक | | | | | |
| मिजान | | | मिजान | | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.14 13:33:29 IST
Reason: SelfAttested

नोटः—इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा हर दो फरीकेन का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner